प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 13.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच आज लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी है। रिपोर्ट आज सदन में पेश की जानी है। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस, डीएमके और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया। अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से बार–बार आग्रह किया कि वे सदन को सूचीबद्ध कार्य करने दें। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट पेश होने के बाद वे सदस्यों को बोलने की अनुमति देंगे लेकिन शोर–शराबा जारी रहने पर अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इस बीच, विपक्ष के हंगामे के बीच वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट राज्यसभा में पेश कर दी गई है।

00000

राज्य में पंचायती राज संस्थाओं के विभिन्न खाली पदों के लिए उपचुनाव कल होंगे। इसके लिए संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में कल का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। जयपुर जिले में सांभर लेक पंचायत समिति के वार्ड संख्या 13 के सदस्य, ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा के वार्ड संख्या 10 के वार्ड पंच तथा पंचायत समिति चाकसू की ग्राम पंचायत थली के सरपंच के उप चुनाव होने है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने औद्योगिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कामगारों को भी सवैतनिक अवकाश का आदेश जारी किया है।

00000

जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने उदयपुर में होने वाली राष्ट्रीय वाटर विजन – 2047 कॉफ्रेन्स की तैयारियों की समीक्षा की। ये कांफ्रेंस 18 और 19 फरवरी को आयोजित की जायेगी। इसमें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल तथा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के भाग लेने का कार्यक्रम है। श्री रावत ने विभागीय अधिकारियों को कॉन्फ्रेंस को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार व्यवस्थित ढंग से आयोजित कराने के निर्देश दिए।

00000

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद की अवधि 28 फरवरी तक बढ़ाई गयी है। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय को पत्र लिखकर खरीद अवधि बढ़ाने का आग्रह किया था। श्री दक ने बताया कि केन्द्र सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है। अब पहले पंजीकरण करवा चुके किसान बढ़ी हुई अवधि में अपनी जिन्स बेच सकेंगे। उन्हें नये पंजीकरण नहीं कराने होंगे।

000000

कोटा में दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे पर कराडिया गांव के पास आज सुबह एक सड़क हादसे में बस में सवार एक महिला सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई और दो लोग घायल हो गए। ये दुर्घटना बस के ट्रक से टकरा जाने से हुई। इस बस में 56 तीर्थयात्री शामिल थे। ये सभी लोग प्रयागराज महाकुंभ से मध्य प्रदेश के मंदसौर लौट रहे थे।

00000

भरतपुर अपना स्थापना दिवस 19 फरवरी को मनायेगा। इस सिलसिले में सात दिन के समारोह की शुरूआत आज से हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि समारोह का आगाज कलश यात्रा के साथ हुआ।

......

00000

भारतीय रिजर्व बैंक ने घोषणा की है कि जल्द ही नई श्रृंखला में 50 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोट जारी किये जायेंगे, जिन पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नोटों का डिज़ाइन अपरिवर्तित रहेगा और ये मौजूदा 50 रुपये के बैंक नोटों के समान होगा। इसके अलावा, रिजर्व बैंक

की ओर से पहले जारी किए गए 50 रुपये के सभी नोट वैध होंगे। इस बीच रिजर्व बैंक ने सरकारी कामकाज के लिए सेवाएं देने वाले सभी बैंकों से आगामी 31 मार्च को अपनी सभी शाखाएं खुले रखने का परामर्श जारी किया है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 23 फरवरी को प्रसारित होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 119वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 21 फरवरी तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

00000